प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक शुरू, लॉकडाउन को आगे बढ़ाने या उसे चरणबद्ध तरीके से हटाने को लेकर चर्चा की संभावना

पूर्वी चम्पारण जिले में 858 मीट्रिक टन दाल का हुआ आवंटन, 8 लाख 57 हजार 691 लाभुकों में होगा वितरण

बिहार में 28 और मिले कोरोना मरीज, संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 724 हुई

12 मई से भारतीय रेलवे स्पेशल ट्रेन की सेवा शुरू करने की की घोषणा, आज संध्या 6 बजे से टिकट बुकिंग केवल पर्सनल आई डी से, कन्फर्म और वैध टिकट वाले ही कर सकेंगे यात्रा

युवराज
NEWS TODAY Update
RNI:- BIHHIN05409
# न्यूज़ टुडे
आपकी आवाज़
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
www.newstodayupdate.in

वर्ष : 06 अंक : 08+11 तिथि : 11 मई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना - 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

# न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक शुरू, लॉकडाउन को आगे बढ़ाने या उसे चरणबद्ध तरीके से हटाने को लेकर चर्चा की संभावना



बिग ब्रेकिंग

डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक कर रहे हैं. जिसमें कोरोना वायरस के कारण लगाये गये लॉकडाउन को आगे बढ़ाने या उसे चरणबद्ध तरीके से हटाने को लेकर चर्चा की संभावना जतायी जा रही है. बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी मौजूद हैं. मालूम हो देश में कोरोना वायरस का प्रकोप शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री की मुख्यमंत्रियों के साथ यह पांचवीं बैठक है.

पीएमओ से खबर आ रही है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ट्रेन सर्विस बहाल करने पर आपत्ति जतायी है. पीएमओ के हवाले से खबर है कि ममता ने स्पेशल ट्रेनों को चलाए जाने पर एतराज जताया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज की बैठक दो चरणों में कर रहे हैं. बताया जा रहा है कि शाम 6 बजे के बाद दूसरे चरण की बैठक होगी. पीएम मोदी आज मुख्यमंत्रियों के साथ मैराथन बैठक कर कोरोना वायरस के जुड़ी राज्यों के हर अपडेट लेंगे और लॉकडाउन पर बड़ा फैसला लेंगे.

सरकार में मौजूद सूत्रों ने बताया कि बैठक में आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने और कोविड–19 के 'रेड जोन' को 'ऑरेंज जोन' या 'ग्रीन जोन' में तब्दील करने की कोशिशें बढ़ाने पर बल दिया जाएगा.

प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यमंत्रियों के साथ पिछली बार 27 अप्रैल को बातचीत किये जाने के बाद से कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है, जो लगभग 28,000 के आंकड़े से बढ़ कर करीब 63,000 पहुंच गई है. बैठक के कुछ दिनों बाद केंद्र सरकार ने लॉकडाउन की अवधि और दो हफ्तों के लिये 17 मई तक बढ़ा दी.

हालांकि, आर्थिक गतिविधियों में और लोगों की आवाजाही में कुछ छूट दी गई. राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन 25 मार्च से लागू है. कई राज्यों ने हाल ही में श्रम कानून के नियमों को उदार बनाया है, ताकि कार्यालयोंध्फैक्टरियों में अलग–अलग पाली (शिफ्ट) में काम कराने या सीमित संख्या में श्रमिकों के साथ औद्योगिक गतिविधियों में तेजी लाई जा सके.

सूत्रों के मुताबिक बैठक में लॉकडाउन चरणबद्ध तौर पर हटाने के तहत पाबंदियों में और अधिक छूट देने पर भी चर्चा हो सकती है, लेकिन सारे प्रतिबंध एक ही बार नहीं हटाये जा सकते. लॉकडाउन का तीसरा चरण 17 मई को समाप्त होने से कुछ ही दिन पहले यह बैठक होने वाली है.

दूसरा चरण तीन मई को समाप्त हुआ था, जबकि पहला चरण 14 अप्रैल को समाप्त हुआ था. रविवार को एक बैठक में राज्य के मुख्य सचिवों को कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने कहा कि कोविड–19 से बचाव की जरूरत है, पर आर्थिक गतिविधियों को भी सूझ बूझ से तेज करने की जरूरत है.

लॉकडाउन के चलते विभिन्न राज्यों में फंसे हजारों की संख्या में प्रवासी मजदूर स्पेशल ट्रेनों से अपने–अपने गृह राज्य लौट रहे हैं, ऐसे में औद्योगिक गतिविधियों को फिर से शुरू करना राज्यों के लिये एक चुनौती साबित होगी.

कोरोना स्पेशल

## बिहार में २८ और मिले कोरोना मरीज, संक्रमितों की संख्या बढ़ कर ७२४ हुई



सुनील चौधरी,
संवाददाता,




राज्य में कोरोना पॉजिटिवों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है. राज्य के क्वारेंटिन सेंटर से कोरोना मरीज मिल रहे. प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को बिहार के विभिन्न जिलों से अभी तक कुल 28 नये कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं. इसके साथ राज्य में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 724 हो गयी है. इधर पटना जिला के बेलछी का रहनेवाले व कोरोना पॉजिटिव 60 वर्षीय पुरुष की मौत हो गयी है. बिहार में कोरोना से अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है. राज्य के विभिन्न अस्पतालों से संक्रमित होने वाले अब तक 365 लोग स्वस्थ होकर घर लौट गये हैं. बिहार में 52 फीसदी संक्रमित मरीज ठीक हो कर घर लौट चुके है. इस महामारी का प्रसार राज्य के 37 जिलों तक हो चुका है. केवल एक जिला ही इसकी जद से दूर हैं.

### 10 और पाए गए कोरोना पॉजिटिव, कुल मामले 724

बिहार में कोरोना संक्रमितों के बढ़ने का सिलसिला जारी है.आज सुबह से दोपहर तक 18 नए मामले पाए जाने के बाद अब 10 और नए मामले थोड़ी देर पहले मिल चुके हैं.इस तरह प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या अब बढ़कर 724 हो चुकी है जिसमें आज के कुल 28 मामले शामिल हैं.

## 12 मई से भारतीय रेलवे स्पेशल ट्रेन की सेवा शुरू करने की की घोषणा, आज संध्या 6 बजे से टिकट बुकिंग केवल पर्सनल आई डी से, कन्फर्म और वैध टिकट वाले ही कर सकेंगे यात्रा



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




आगामी 12 मई से भारतीय रेलवे स्पेशल ट्रेन की सेवा शुरू करने की की घोषणा की है. 15 जोड़ी ट्रेन शुरू में चलाई जाएगी. इसे और बढ़ाने की तैयारी बाद में है. ये सभी ट्रेन स्पेशल ट्रेन होंगी जिन्हें नई दिल्ली से देश के अलग–अलग 15 हिस्सों में चलाया जाएगा.

इन ट्रेनों में कन्फर्म और वैध टिकट वाले यात्रियों को ही दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जाने की अनुमति मिलेगी. आज संध्या 6 बजे से टिकट बुकिंग केवल पर्सनल आई डी से ही होगी। रेलवे ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि सभी पैसेंजर्स को फेस मास्क पहनना होगा. यात्रा शुरू होने से पहले प्लेटफॉर्म पर ही स्क्रीनिंग की जाएगी और सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा.

रेलवे ने यह भी कहा कि कोच की उपलब्धता के आधार पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा. मार्च के बाद से अब तक करीब 20,000 कोच को कोविड–19 आइसोलेशन वॉर्ड में कन्वर्ट किया गया है. साथ ही हजारों कोचों को श्रमिक ट्रेनों के लिए रिजर्व किया गया है ताकि प्रवासी मजदूरों को उनके गृह राज्य तक पहुंचाया जाए.

1. भारतीय रेलवे की योजना 12 मई से चरणबद्ध तरीके से यात्री ट्रेन सेवाएं शुरू करने की है, शुरुआत में 15 ट्रेनें (अप–एंड–डाउन मिलाकर 30 ट्रेनें) चलाने की योजना है.

2. नई दिल्ली से ये ट्रेनें डिब्रूगढ़, अगरतला, हावड़ा, पटना, बिलासपुर, रांची, भुवनेश्वर, सिकंदराबाद, बेंगलुरु के लिए चलेंगी.

3. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चेन्नई, तिरुवनंतपुरम, मडगांव, मुंबई सेंट्रल, अहमदाबाद और जम्मूतवी के लिए भी ट्रेनें चलेंगी.

4. ये शुरुआती 15 ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से चलेंगी. आरक्षण के लिए बुकिंग 11 मई शाम चार बजे से शुरू होगी. बुकिंग सिर्फ आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए की जा सकेगी.

5. स्टेशनों पर टिकट बुकिंग खिड़की बंद रहेगी, प्लेटफॉर्म टिकट सहित कोई काउंटर टिकट जारी नहीं होगा.

6. ट्रेन के शुरू होने के स्टेशन पर पर मास्क पहनना, स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होगी. सिर्फ उन्हीं लोगों को ट्रेन में चढ़ने की अनुमति होगी जिनमें वायरस से संक्रमण के कोई लक्षण नजर नहीं आएंगे.

7. रेलवे का कहना है कि इन 15 ट्रेनों के बाद रेलवे अन्य रूटों पर भी और ट्रेनें चलाएगा. इससे पहले 20000 रेल कोच को कोविड 19 केयर सेंटर के रूप में रिजर्व किया जाएगा.

8. लॉकडाउन के दौरान फंसे मजदूरों के लिए भी रेलवे की रोजाना 300 श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है. रेलवे की ओर से कहा गया है कि प्रवासी मजदूरों के चलाई जा रहीं श्रमिक स्पेशल ट्रेनें अभी की तरह ही चलती रहेंगी.

9. रेलवे की ओर से 12 से चलाई जाने वाली सभी ट्रेनें राजधानी ट्रेन होंगी. सभी कोच एसी के होंगे.

10. यात्रियों को ट्रेन के समय से 2 घंटे पहले स्टेशन पहुंचना होगा.

## पूर्वी चम्पारण जिले में 858 मीट्रिक टन दाल का हुआ आवंटन, 8 लाख 57 हजार 691 लाभुकों में होगा वितरण



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




कोरोना संक्रमण से उपजे हालात को लेकर राज्य सरकार गरीबों को राशन कार्ड पर मुफ्त में एक किलो दाल मुहैया कराएगी। इसका लाभ जिले के 8 लाख 57 हजार 691 लाभुकों को होगा। इसमें पीएचएच व अंत्योदय अन्न योजना के लाभुक शामिल हैं। जिले में सभी राशन कार्ड धारकों के लिए 858.059 मीट्रिक टन दाल का आवंटन किया गया है। डीएम कपिल अशोक शीर्षत ने आवंटन सूची जारी करते हुए दाल का उठाव व वितरण का निदेश दिया है।

### किस प्रखंड में कितना है दाल का आवंटन

जिले के सभी 27 प्रखंडों में दाल का आवंटन कर दिया गया है। इसमें मोतिहारी 58593 किलो, तुरकौलिया 29486, पिपराकोठी 12711, बंजरिया 23304, कोटवा 25264, रक्सौल 25046, सुगौली 38424, आदापुर 27126, छौड़ादानो 24835,रामगढ़वा 31243, चकिया 23693, मेहसी 26257, केसरिया 24256, कल्याणपुर 40323, बनकटवा 13735, ढाका 52430, घोड़ासहन 22014, चिरैया 40824, अरेराज 19243, संग्रामपुर 16047, पकड़ीदयाल 23968, फेनहरा 12166, मधुबन 24317, तेतरिया 16806, व पताही प्रखंड में 27573 किलो सहित कुल 7 लाख 16 हजार 934 किलो दाल का आवंटन किया गया है।

### पंचायत निगरानी सह सतर्कता समिति की देखरेख में बंटेगी दाल

डीएम कपिल अशोक शीर्षत ने पंचायत निगरानी सह सतर्कता समिति की देखरेख में मुफ्त में दाल वितरण कराने का निर्देश दिया है। दाल वितरण में किसी तरह की गड़बड़ी करने पर पीडीएस दुकानदारों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। दाल प्राप्ति की सूचना एसडीओ,एमओ व निगरानी समिति को दी जाएगी। जिले में चिन्हित नोडल बाजार समिति के लिए जिला प्रबंधक को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। नोडल पदाधिकारी दाल की प्राप्ति, लोडिंग अनलोडिंग, नमूना प्राप्त करने, जीपीएस व लोडसेल युक्त ट्रकों से दाल का परिवहन कराने सहित इसे जन वितरण प्रणाली दुकानों तक पहुंचाने आदि का निर्देश दिया गया है।

## कोरोना पॉजिटिव गांव सहित कंटेन्मेंट जोन में आवश्यक वस्तुओं के वाहन को एसडीएम ने किया रवाना



सम्राट, संवाददाता




कोरोना पॉजिटिव गांव सहित कंटेन्मेंट जोन में आवश्यक वस्तुओं को उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को सिकरहना एसडीएम ज्ञान प्रकाश ने आवश्यक वस्तुओं से भरी दो वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। दोनों वाहन जीविका द्वारा संचालित है। जिसमें जीविका दीदी द्वारा फल, सब्जी, तेल, मसाला, नमक,दाल, चावल व आटा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की बिक्री की जायेगी।

वस्तुओं को हर घर सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराने के लिए जीविका के बीपीएम गणेश पासवान वाहनों के साथ भ्रमणशील है। एसडीएम ज्ञान प्रकाश ने कहा कि जीविका समूह की प्रेम सागर देवी व जानकी देवी द्वारा वस्तुओं की बिक्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना पॉजिटिव गांव सहित कंटेन्मेंट जोन घोषित क्षेत्र के ग्रामीणों को गांव से बाहर जाने पर रोक लगा दी गयी है। जिसके कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। अब जीविका स्वयं सहायत समूह द्वारा उत्पादित हरी व ताजी सब्जियां कंटेन्मेंट जोन के सभी वार्डों में पहुंचायी जा रही है।

जीविका का यह पहला प्रयास है। जिसकी काफी सराहना की जा रही है। एसडीएम ने कहा कि चिरैया के एक किराना दुकान को भी टैग किया गया है। जो जरूरत के हिसाब से कंटेन्मेंट जोन में सामग्री की आपूर्ति करेगा। इस मौके पर डीपीएम वरुण कुमार, सुप्रिया कुमारी, डॉ. श्याम पासवान, पीओ कुमार सुमित आदि मौजूद थे।

## कुख्यात नक्सली भुंना मिया हुआ गिरफ्तार



अफजल आलम
न्यूज टुडे,




कुख्यात नक्सली भुंना मिया हुआ गिरफ्तार। छौड़ादानो पुलिस, दरपा पुलिस एवं एसएसबी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान हुई गिरफ्तारी। दरपा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव से हुई गिरफ्तारी। कई कांडो में पुलिस को थी भुंना मिया की तलाश।

## मुम्बई के ठाणे रेलवे स्टेशन से 32 जिलों के लिए 1202 श्रमिक पहुंचे बापूधाम मोतिहारी स्टेशन, इस ट्रेन से जिले के 117 श्रमिक आये मोतिहारी



रिंकू गिरी,
संवाददाता




मुम्बई के ठाणे रेलवे स्टेशन से चली श्रमिक स्पेशल ट्रेन शुक्रवार की देर रात करीब आठ घंटे विलम्ब से 11:43 बजे बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन से मोतिहारी पहुंचे सूबे के 32 जिलों के 1202 श्रमिकों को मेडिकल स्क्रीनिंग के बाद अलग–अलग बसों से उनके जिला मुख्यालय भेजने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

श्रमिकों को बस में बैठने से पहले प्लेटफार्म पर लगाये गए फूड काउंटर से उन्हें खाने के पैकेट व पानी की बोतलें दी गयी। इस ट्रेन से जिले के 117 श्रमिक मोतिहारी आये हैं। रेड जोन से आने वाले सभी श्रमिकों को उनसे संबंधित प्रखंड के क्वारंटाइन सेंटर पर 21 दिनों के लिए क्वारंटाइन किया गया है। मुम्बई से बापूधाम रेलवे स्टेशन आये श्रमिकों का डीएम कपिल अशोक शीर्षत , एसपी नवीन चन्द्र झा, स्टेशन अधीक्षक राकेश कुमार त्रिपाठी, आरपीएफ पोस्ट कमांडर अर्जुन कुमार यादव, सुगौली एसएस दिलीप कुमार आदि अधिकारियों ने स्टेशन पर स्वागत किया।

डीएम श्री शीर्षत ने बताया कि ट्रेन से सूबे के विभिन्न जिलों के 1202 श्रमिक देर रात पहुंचे। ट्रेन की बोगी से सभी श्रमिकों को एक–एक कर बाहर निकलने के लिए माइकिंग की गई। सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुए स्क्रीनिंग के बाद सभी को फूड पैकेट व पानी की बोतलें देकर उन्हें, उनसे संबंधित जिलों के लिए बस से रवाना किया गया।

एसपी ने श्री झा बताया कि स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मोतिहारी एसएस श्री त्रिपाठी ने बताया कि सुगौली एसएस दिलीप कुमार की देखरेख में पूरे स्टेशन को सेनेटाइज कराया गया है। मौके पर सदर एसडीओ प्रियरंजन राजू, डीटीओ अनुराग कौशल, सीएस डॉ. रिजवान अहमद, अस्पताल प्रबंधक विजय झा, डीपीएम अमित अचल आदि उपस्थित थे।




रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272




Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830